# NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH

**(PEEVEES GROUP OF SCHOOLS, K.S.A.)**
Affiliated to CBSE – New Delhi.

## SUMMATIVE ASSESSMENT- II (2016 -2017)

**Subject:HINDI**

**Date:02-03-2017** **Set:A** **Time: 3 Hours**

**Class:7** **Sec: ____** **Max. Marks:90**

**Name: ______________________** **Roll No. : ______**

**खंड- क** **(15 Marks)**

प्रश्न **I.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(5 Marks)**

धर्म निरपेक्षता की भावना और नीति का विकास विज्ञान एवं लोकतंत्र की भावनाओं के विकास के साथ हुआ है। इसके मूल में मानवतावादी भावनाएं ही काम करती दिखाई देती हैं। ।मानव को अपने विश्वास और मूल्यों के साथ जीवन जीने का पूर्ण अधिकार है।। यही धर्म-निरपेक्षता का मूल आधार है। प्राय: सभी जनतंत्र और प्रजातंत्रीय देश इसी मूल सिद्धान्त के आधार पर चल कर प्रगति कर रहे हैं। सभी धर्मावलम्बियों के प्रति समानता का व्यवहार करना ही धर्म-निरपेक्षता का मूल आधार है।

प्र.1) धर्म-निरपेक्षता की भावना और नीति का विकास किसकी भावनाओं के साथ हुआ ?
(क) ऐतिहासिक और प्रजातंत्र की (ख) विज्ञानं और लोकतंत्र की (ग) मानव और समाज की

प्र. 2) मानव को क्या अधिकार है?
(क) अपनी मनमानी का
(ख) स्वतंत्र है इसलिए कुछ भी करने का
(ग)अपने मूल्यों और विकास के साथ जीवन जीने का

प्र. 3) धर्म- निरपेक्षता का मूल आधार क्या है ?
(क) समानता का व्यवहार करना (ख) असमानता का व्यवहार करना (ग) कठोर नीति अपनाना

प्र. 4) दिए गए गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए-
(क) अहिंसा (ख) धर्मनिरपेक्षता (ग) अधार्मिकता

प्र.5) लोकतंत्र शब्द का संधि -विच्छेद कीजिए-

(क)लोकत +अंतर्र (ख) लोकत +तंत्र (ग) लोक+तंत्र

II)निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(10 Marks)**

मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है। समाचार पत्रों में ठगी ,डकैती ,चोरी ,तस्करी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे रहते हैं। । आरोप -प्रत्यरोप का कुछ ऐसा वातावरण बन गया है कि लगता है ,देश में कोई ईमानदार आदमी नहीं रह गया है। हर व्यक्ति को संदेह कि दृष्टि से देखा जा रहा है । जो जितने ऊँचे पद परहै, उनमें उतने ही अधिक दोष दिखाए जाते है ।

एक बहुत बडे आदमी ने एक बार मुझसे कहा था कि इस समय सुखी वही है जो कुछ नहीं करता । जो कुछ करेगा उसमें लोग ,दोष खोजने लगेंगे । उसके सारे गुण भुला दिए जाएंगे और दोषों को बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया जाने लगेगा । दोष किस में नही होते ? यही कारण है कि हर आदमी दोषी अधिक दिख रहा है, गुणी कम या बिलकुल ही नहीं । स्थिति अगर ऐसी है ,तो निश्चय ही चिंता का विषय है ।

क्या यही भारत वर्ष है , जिसका सपना तिलक और गाँधी ने देखा था ? रवीन्द्रनाथ ठाकुर और मदन मोहन मालवीय का महान संस्कृति सभ्य भारत वर्ष किस अतीत के गहवर में डूब गया ? आर्य और द्रविण , हिन्दू और मुसलमान , यूरोपीय और भारतीय आदर्शों कि मिलन-भूमि "मानव-महासमुद्र " क्या सूख ही गया ? मेरा मन कहता है , ऐसा हो नही सकता । हमारे महान मनीषियों के सपनो का भारत है और रहेगा

प्र.1) लेखक का मन क्यों बैठ जाता है?

प्र.2) लोग किस में दोष खोजने लगते हैं ?

प्र.3) "मानव महासमुद्र "क्या है?

प्र.4) देश में किस तरह का वातावरण बन गया है ?

प्र.5) विलोम-शब्द लिखिए -

क) ईमानदार ख) देश

**खंड -(ख) (25 Marks)**

प्र 1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (4)

उत्तरार्ध ,सुमति , अनेक ,सफल

प्र 2. निम्नलिखित शब्दों के लिए दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - (4)

राजा, सूर्य

प्र 3. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए- (2)

धरती, संगति

प्र 4. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग कीजिए - (3)

वैज्ञानिक , विकसित ,आर्थिक

प्र 5. निम्नलिखित तदभव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए - (3)

दीया , आम , कोयल

प्र 6. दिए गए शब्दों के लिए अनेकार्थी शब्द लिखिए - (3)

पर, मत ,कर

प्र7. संज्ञा के किन्ही तीन भेदों के नाम लिखिए - (3)

प्र8. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान पूर्वक पढ़िए तथा क्रियाओं के रूप पहचान कर उनके काल के नाम लिखिए - (3)

क) रुपये का अर्थ है मुद्रा यानि करेंसी

ख) ई -मनी वास्तव में वह पैसा है , जिसकी कोई काया नही है

ग) सत्रहवीं सदी तक पेपर मनी का सफर रुक-रुक कर चला

**खंड -(ग)(30Marks)**

प्र I निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (15)

क)प्लास्टिक मनी को किस से चुनौती मिल रही है ?और कैसे ?

ख )सूचना प्रौद्योगिकी से आप क्या समझता हैं ? वास्तव में यह क्या है?

ग) सुसंगति और कुसंगति का अंतर कवि कैसे स्पष्ठ करते हैं ?

घ ) मत बांटो इंसान को कविता में कवि ने लोगों के बीच प्यार बांटने की आवश्यकता क्यों जताई है ?

ङ )चीनियों ने चश्में के विकास में किस प्रकार योगदान दिया?

च).कोयल और कौए के द्वारा कवि वृंद क्या सिद्ध करते हैं?

छ).सूचना प्रद्योगिकी को आम आदमी तक पहुँचाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

ज)सदियों तक मानव समाज की अर्थव्यवस्था किस प्रकार चलती रही?

प्र.II. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ठ कीजिए- (5)

क) बिगरी बात बने नही , लाख करो किन कोय
रहिमन फाटे दूध ते , मथे ना माखन होय .

ख) कल का औद्योगिक समाज आज सूचना समाज में परिवर्तित हो गया है.

प्र.III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुन कर लिखिए- (5)

1) 2010 के राष्ट्रमंडल खेल कहाँ पर आयोजित हुए थे?
क) नई दिल्ली ख ) लंदन ग) जोहान्सबर्ग

2) जापान की मुद्रा क्या है?
क)डॉलर ख ) येन ग) यूरो घ ) पौंड स्टर्लिंग

3) "दस वर्षों की अवधि " के लिए एक शब्द चुनिए -
क ) वार्षिक ख ) दशक ग ) दस वर्षीय घ ) शताब्दी

4 ) किसने विज्ञानं से ज़्यादा मनुष्य समाज को प्रभावित किया है ?

क )कंप्यूटर ने   ख ) टेलीविज़न ने   ग) सूचना प्रौद्योगिकी ने   घ ) संचार व्यवस्था ने

5) हींग कब अपनी सुगंध खो देती है ?

क) डिब्बे में रखने से   ख) मिटटी में रखने से

ग) कपूर में रखने से   घ)कपडे में रखने से

प्र IV. सही कथनों के आगे सही का तथा गलत कथनों के आगे गलत का निशान लगाइये - (5)

क) २०१० में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर था।

ख) हर देश की अपनी -अपनी करेंसी होती है।

ग ) चीनियों ने शीशे के लैंस का प्रयोग मिस्र से सीखा था।

घ ) ईसा के बाद छठी शताब्दी में ह्वेनसांग नाम का चीनी विद्वान भारत आया था।

ढ) विजय कुमार भारत के एक निशाने बाज़ है।

**खंड-( घ )(20Marks)**

प्र.१) दिए गए शीर्षकों में से किसी एक शीर्षक पर अनुच्छेद लिखिए - (8)

क )पुस्तकालय ,   ख )अभ्यास का महत्व

प्र.२) वादविवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने की सूचना देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए (7)

प्र.३) जन्म दिवस की तैयारी के लिए दो मित्रों के बीच हुए संवाद लिखिए (5)



New Al Wurood Intl. School-Jeddah
Affiliated to CBSE New delhi
Affiliation No. 5730008